संचालनालय नगर तथा ग्राम निवेश मध्य प्रदेश

"कचनार" ई-5 पर्यावरण परिसर अरेरा कालोनी, हबीबगंज पुलिस थाना के पास, भोपाल-462016
ई-मेल-mptownplan@mp.gov.in, दूरभाष-0755-2427096

क्रमांक /टीसी/121/छिंदवाड़ा/उपां/नग्रानि/2022 भोपाल,दिनांक:- /01/2023

प्रति,

1 **कलेक्टर,**
जिला छिन्दवाड़ा (म.प्र.)।

2 **उप संचालक,**
नगर तथा ग्राम निवेश,
जिला कार्यालय, छिन्दवाड़ा (म.प्र.)।

3 **मुख्य कार्यपालन अधिकारी,**
जिला पंचायत,
जिला छिन्दवाड़ा (म.प्र.)।

4 **आयुक्त,**
नगर पालिक निगम, छिन्दवाड़ा
जिला छिन्दवाड़ा (म.प्र.)।

विषय:- नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम, 1973 की धारा 23-क-(1)-ख के अधीन छिन्दवाड़ा विकास योजना, 2011 में प्रस्तावित वाणिज्यिक उपांतरण बाबत - ग्राम परतला तहसील छिन्दवाड़ा नगर जिला छिन्दवाड़ा के खसरा क्रमांक 195/14 कुल रकबा 2.160 हेक्टेयर (आवेदक मेसर्स उत्तम चंद जैन, छिन्दवाड़ा)

संचालनालय नगर तथा ग्राम निवेश, भोपाल द्वारा **छिन्दवाड़ा** विकास योजना, 2011 में उपांतरण प्रस्तावित किया गया है। जिसकी सूचना जनसामान्य की जानकारी के लिये दो स्थानीय दैनिक समाचार पत्र (हिन्दी एवं अंग्रेजी) में प्रकाशन कराया जा रहा है।

नियमानुसार संलग्न सूचना को 15 दिन की समयावधि के लिये आपके कार्यालय के सूचना पटल पर प्रदर्शित करने का कष्ट करे।

संलग्न:-यथोपरि।

(मुकेश चन्द गुप्ता)
वि.क.अ.सह आयुक्त सह संचालक
नगर तथा ग्राम निवेश
म.प्र. भोपाल

पृ. क्रमांक 349 /टीसी/121/छिंदवाड़ा/उपां/नग्रानि/2022 भोपाल,दिनांक:-18/01/2023

प्रतिलिपि:-

1 प्रमुख सचिव, म.प्र. शासन, नगरीय विकास एवं आवास विभाग मंत्रालय, भोपाल की ओर कृपया सूचनार्थ।

2 संयुक्त संचालक/सहायक सूचना प्रौद्योगिकी अधिकारी, आई.टी. नगर तथा ग्राम निवेश, (म.प्र.) भोपाल को वेबसाइट पर प्रदर्शित करने हेतु सूचना की प्रति के साथ अग्रेषित।

वि.क.अ.सह आयुक्त सह संचालक
नगर तथा ग्राम निवेश
म.प्र. भोपाल

D:\LKI\upantaran 23k1k\New 23 k 1 kha.docx

संचालनालय नगर तथा ग्राम निवेश मध्य प्रदेश

"कचनार" ई-5 पर्यावरण परिसर अरेरा कालोनी, हबीबगंज पुलिस थाना के पास, भोपाल-462016

ई-मेल-mptownplan@mp.gov.in, दूरभाष-0755-2427096

सूचना

भोपाल, दिनांक:-18/01//2023

क्रमांक 346 /टीसी/121/छिंदवाड़ा/उपां/नग्रानि/2022 भोपाल, - मध्य प्रदेश नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम, 1973 (क्रमांक-23 सन् 1973) की धारा 23-क की उपधारा (1) के खण्ड (ख) के अधीन एतद् द्वारा सार्वजनिक जानकारी हेतु यह अधिसूचित किया जाता है कि, संचालक, नीचे दी गई अनुसूची में यथानिर्दिष्ट छिन्दवाड़ा विकास योजना 2011 में उपान्तरण प्रस्तावित करता है।

अनुसूची

क्रं	ग्राम/ तहसील एवं जिला	खसरा क्रमांक	क्षेत्रफल (हेक्टेयर में)		विकास योजना में निर्दिष्ट भू-उपयोग	उपान्तरण पश्चात् प्रस्तावित भू-उपयोग
			कुल रकबा	उपांतरण हेतु प्रस्तावित रकबा		
1.	ग्राम परतला तहसील छिन्दवाड़ा नगर जिला छिन्दवाड़ा	195/14	2.160	2.160	कृषि एवं नाले के किनारे पर्यावरण वानिकी	वाणिज्यिक एवं नाले के किनारे पर्यावरण वानिकी
	कुल रकबा		**2.160**	**2.160**		

नोट :-

1. छिन्दवाड़ा परासिया मार्ग से लगकर स्थित आवेदक के पारिवारिक सदस्य की भूमि के खसरा क्रमांक 195/3 में से प्रश्नाधीन स्थल तक 18.00 मीटर चौड़े पहुंच मार्ग का निर्माण कराया जाना अनिवार्य होगा।
2. नाले के किनारे से नियमानुसार पर्यावरण वानिकी हेतु निर्धारित भूमि खुली रखना अनिवार्य होगा।

प्रस्तावित उपान्तरण के ब्यौरे, सूचना प्रकाशन की तिथि से 15 दिन की समयावधि के लिये आम जनता को निरीक्षण के लिये उप संचालक, नगर तथा ग्राम निवेश, जिला कार्यालय छिन्दवाड़ा तथा वेबसाईट www.mptownplan.gov.in पर भी उपलब्ध होंगे।

प्रस्तावित उपान्तरण के संबंध में यदि किसी व्यक्ति के कोई आपत्ति/सुझाव हो तो, वह संचालक, नगर तथा ग्राम निवेश, म.प्र. भोपाल अथवा उप संचालक, नगर तथा ग्राम निवेश, जिला कार्यालय, छिन्दवाड़ा को दैनिक समाचार पत्रों में इस सूचना प्रकाशन होने की दिनांक से 15 दिन के भीतर लिखित में प्रस्तुत कर सकेगा एवं ऐसी आपत्तियॉ या सुझाव, जो उपर विनिर्दिष्ट अवधि के अवसान होने से पूर्व प्राप्त हो, पर विचार किया जाएगा।

(मुकेश चन्द गुप्ता)
वि.क.अ.सह आयुक्त सह संचालक
नगर तथा ग्राम निवेश
म.प्र. भोपाल

D:\LKI\upantaran 23k1k\New 23 k 1 kha.docx